तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुए
16.02.2023	पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय उभय पक्षकारान उपस्थित। वकील अप्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र नियुक्ति मौका कमिश्नर पर बहस सुनी जाने हेतु निवेदन किया। जिस पर वकील प्रार्थीगण ने मौका कमिश्नर नियुक्त किये जाने हेतु सहमति व्यक्त करते हुए पत्रावली की आदेशिका पर अपने हस्ताक्षर अंकित कियें। अतः वकील प्रार्थीगण की अनापत्ति के आधार पर प्रकरण में वादग्रस्त आराजी भूमियों के मौके की वर्तमान भौतिक स्थिति की रिपोर्ट रिकार्ड पर लाये जाने हेतु वकील अप्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र नियुक्ति मौका कमिश्नर स्वीकार किया जाता है तथा भू. अभिलेख निरीक्षक वृत्तः– मउ को देय फीस 700/– अक्षरे सात सौ रूपए मात्र पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि वे वादग्रस्त कृषि भूमि खसरा नम्बर 1652/4730 रकबा 1.41 हैक्टर अवस्थित तन् ग्राम रतनपुरा तहसील श्रीमाधोपुर का उभय पक्षकारान् की मौजूदगी में मौका निरीक्षण कर मौके की भौतिक स्थिति की रिपोर्ट आगामी पेशी 13.03.2023 तक आवश्यक रूप से पेश करें। मौका कमिश्नर फीस वकील अप्रार्थीगण से प्राप्त कर प्राप्ति रसीद भी पेश करें। वास्ते पेश होने मौका कमिश्नर रिपोर्ट पत्रावली दिनांक 13.03.2023 को पेश हों।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2023.03.14 11:42:43 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर(सीकर)